पत्रिका plus
jabalpur. Sunday 22/02/2026
patrika.com/entertainment

**गौरव के पल: मानकुंवर कॉलेज में पदक वितरण समारोह**

# प्रतिभाओं को मिला पुरस्कार, अलंकरण ने बढ़ाया गौरव

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com



जबलपुर. गवर्नमेंट मानकुंवर कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन के अंतर्गत अलंकरण व शैक्षणिक पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। निरंतर परिश्रम, अनुशासन व सकारात्मक सोच लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि तकनीकी के क्षेत्र में प्राचीन भारत के योगदान को सम्पूर्ण विश्व न केवल आत्मसात कर रहा है, बल्कि सराहना भी कर रहा है। विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ. अभिलाष पांडेय, रादुविवि कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ला ने की।

## 14 विषय में मिले 47 स्वर्ण पदक

समारोह में कला संकाय के 14 विषय, वाणिज्य संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को 47 स्वर्ण पदकों से अलंकृत कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पीजी लेवल में कला संकाय के समस्त विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर हिन्दी साहित्य की छात्रा प्रज्ञा लोधी को 6 स्वर्ण पदक दिए गए। समारोह में सर्वश्रेष्ठ छात्रा प्रीति साहू को अकादमिक एवं एकेडमिक्स में अव्वल रहने पर सम्मानित किया गया।

## मेरिट बेस्ड स्टूडेंट्स का प्रमाणपत्र

द्वितीय चरण में मेरिट बेस छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रिटायर्ड जस्टिस अंजुली पालो रहीं। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा एड. अश्विनी परांजपे राजवाडे, योगेंद्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति थे। तृतीय चरण में छात्रा दिवस में सांस्कृतिक कार्यक्रम खास रहे। इस दौरान गीत, संगीत, नृत्य की प्रस्तुति दी गई। आयोजन में प्रशासनिक अधिकारी डॉ. मनोज प्रियदर्शन, परीक्षा नियंत्रक डॉ. नोएल दान, स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. कामना श्रीवास्तव, डॉ. सपना चावला, डॉ. नन्दिनी भारिल्ल, डॉ. सुषमा मेहरा, डॉ. अरुणा, डॉ. रागिनी उपाध्याय का सहयोग रहा।